# मन मेरा मन रहे तुझमे मगन भजन लिरिक्स

मन मेरा मन,
रहे तुझमे मगन,
मुझको लगा दे बाबा,
ऐसी तू लगन,
मन मेरा मन,
रहे तुझमे मगन।bd।

तर्ज – सुन साहिबा सुन।

---

नैनो की खिड़की खुलें,
जो तेरी ही सूरत दिखे,
इस दिल में तू जो बसे,
तो सब खूबसूरत दिखे,
कोई नहीं बैरी हो,
कोई ना पराया हो,
सबको ही चाहूँ,
जिसे तूने अपनाया हो,
रंजिशे रहे ना कोई,
ना कोई जलन,
मन मेरा मन,
रहे तुझमे मगन।bd।

---

तेरे ही दिल की सुनूं,
तुमसे ही दिल की कहूं,
मेरा ना मुझमे रहे कुछ,
तेरा ही हो के रहूं,
तुमसे ही जुड़े मेरे,
जिंदगी के तार है,
तुमसे ही बाबा मुझे,
प्यार बेशुमार है,
तेरी ओर ही हो बाबा,
मेरा हर कदम,
मन मेरा मन,
रहे तुझमे मगन।bd।

---

मन मेरा मन,
रहे तुझमे मगन

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मुझको लगा दे बाबा,
ऐसी तू लगन,
मन मेरा मन,
रहे तुझमे मगन।bd।

**Singer – Sheetal Pandey Ji**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com